


सांध्य दैनिक

# 4PM

जिद...सच की



भले ही आप कपडे पहनने में लापरवाह रहिये पर अपनी आत्मा को दुरुस्त रखिये।
–मार्क ट्वैन

मूल्य ₹ 3/-

www.4pm.co.in www.facebook.com/4pmnewsnetwork @Editor_SanjayS YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 11 ● अंकः 188 पृष्ठः 8 ● लखनऊ, बुधवार 13 अगस्त, 2025



वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को 202 रन... 7 | झारखंड व ओडिशा में बीजेपी पर... 3 | भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर... 2


## एसआईआर को लेकर थम नहीं रहा रार

# सड़क व संसद से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक संग्राम

- » बुधवार को भी जारी रही सुनवाई
- » कांग्रेस ने चुनाव आयोग के खिलाफ बोला फिर हल्ला
- » कांग्रेस ने 'वोट चोरी' पर वीडियो जारी किया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट रिवीजन यानी एसआईआर को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है। यह सियासी खींचतान सड़क, संसद से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा है। इन सब रस्साकसी के बीच देश के शीर्ष कोर्ट में इसे लेकर बुधवार को भी सुनवाई चल रही है।

वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अपनी दलीलों में सुप्रीम कोर्ट के लाल बाबू फैसले का जिक्र किया, जिसमें पिछले चुनावों में मतदान कर चुके मतदाताओं को सूची से बाहर करने के संबंध में दिशानिर्देश दिए गए हैं। जिन मामलों में नागरिकता को लेकर संदेह है, वहां ईआरओ फैसला लेने से पहले गृह मंत्रालय सहित संबंधित प्राधिकारियों से परामर्श कर सकता है।



### आधार नागरिकता के निर्णायक प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं

कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग सही कह रहा है कि आधार को नागरिकता के निर्णायक प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। ज्यादा से ज्यादा यह किसी की पहचान का प्रमाण हो सकता है। आधार ऐक्ट की धारा 9 ऐसा कहती है। वहीं, चुनाव आयोग ने सुनवाई के दौरान कोर्ट से कहा कि नियमों के अनुसार चुनाव आयोग को शामिल न किए गए लोगों की अलग सूची तैयार करने की आवश्यकता नहीं है।

### संवैधानिक संस्थानों को भाजपा के चंगुल से छुड़ाइए : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मत छीनने दीजिए अपना वोट का अधिकार, सवाल कीजिए, जवाब मांगिए, इस बार। 'वोट चोरी' के खिलाफ आवाज़ उठाइए, संवैधानिक संस्थानों को भाजपा के चंगुल से छुड़ाइए।




### लाल बाबू मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों का संदर्भ ले आयोग : सिंघवी



अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि अगर ईआरओ अभी भी निर्णय लेने की स्थिति में नहीं है, तो उसे पहले सुप्रीम कोर्ट के लाल बाबू मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों का संदर्भ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि असम में, नागरिकता से संबंधित विवादित मामलों पर निर्णय लेने के लिए विदेशी ट्रिब्यूनल है। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि सिविल कोर्ट को इस मामले में अधिकार नहीं है।

### दस्तावेजों की संख्या का मुद्दा मतदाताओं के अनुकूल : जस्टिस बागची

जस्टिस बागची ने सिंघवी से कहा कि हमें आधार को बाहर करने को लेकर आपका तर्क समझ आ गया है। लेकिन दस्तावेज़ों की संख्या का मुद्दा वास्तव में मतदाताओं के अनुकूल है, उनके खिलाफ नहीं. उन दस्तावेज़ों की संख्या पर गौर करें जिनसे आप नागरिकता साबित कर सकते हैं। जब सिंघवी आधार, राशन कार्ड और मतदाता पहचान पत्र स्वीकार न किए जाने की शिकायत करते रहे, तो जस्टिस जयमाल्या बागची ने कहा



कि हम आधार के बारे में आपके बहिष्करण संबंधी तर्कों को समझते हैं। लेकिन देखिए, चुनाव आयोग पहचान के लिए दस्तावेज़ों की संख्या बढ़ा रहा है, जबकि संक्षिप्त संशोधन के दौरान पहचान साबित करने के लिए केवल 7 दस्तावेज़ों की अनुमति थी, अब इसे बढ़ाकर 11 कर दिया गया है। यह मतदाता हितैषी है, बहिष्करणकारी नहीं, उन दस्तावेज़ों की संख्या पर गौर कीजिए जिनके आधार पर आप नागरिकता साबित कर सकते हैं। जस्टिस कांत ने कहा कि अगर उन्होंने 11 दस्तावेज़ों पर ज़ोर दिया गया होता तो यह मतदाता विरोधी होता। लेकिन अगर कोई एक दस्तावेज़ मांगा जाता है तो यह मतदाता हितैषी है।



### कांग्रेस के अभियान के साथ जुड़े लोग : प्रियंका

पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने भी यह वीडियो साझा कर लोगों से कांग्रेस के अभियान के साथ जुड़ने की अपील की। पिछले बृहस्पतिवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया था कि कर्नाटक में बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में एक लाख से अधिक मतों की 'चोरी' की गई, जबकि इस संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार को 32 हजार वोटों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता के दावे को आधारहीन बताया था और कहा था कि वह या तो शपथ पत्र दें या फिर माफी मांगें।

### कांग्रेस ने चुनाव आयोग को 'इलेक्शन चोरी आयोग' करार दिया

कांग्रेस ने मतदाता सूचियों में कथित 'धांधली' के खिलाफ अपने अभियान को तेज करते हुए बुधवार को एक वीडियो जारी कर लोगों से इससे जुड़ने की अपील की और चुनाव आयोग को 'इलेक्शन चोरी आयोग' करार दिया। मुख्य विपक्षी दल ने अपने विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से जो एक मिनट का वीडियो जारी है उसमें दिखाया गया कि दो लोग एक मतदान केंद्र से बाहर निकलते हैं और वहां पहुंचे एक बुजुर्ग पुरुष और एक महिला से कहते हैं वे वापस चले जाएं क्योंकि वो उनका वोट पहले ही डाल चुके हैं। इस वीडियो में चुनाव आयोग के लिए 'इलेक्शन चोरी' आयोग लिखा गया है।

# 'भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं'

## सपा प्रमुख अखिलेश यादव बोले- एसआईआर को देश में लागू नहीं होने देंगे

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। झारखंड पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार और भाजपा पर एकबार फिर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि एसआईआर को इस देश में लागू नहीं होने देंगे। पूरा विपक्ष इसके खिलाफ है। भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। एसआईआर के जरिए भाजपा वोट की चोरी कराती है। पहले वे हकमारी करते थे, अब मारपीट भी कर रहे हैं, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे।

यूपी के फतेहपुर की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अंग्रेजों से ली गई विभाजनकारी विचारधारा पर काम करती है और समाज को बांटने का काम करती है। उनका कहना था कि भाजपा का असली मकसद नफरत फैलाना और लोगों को आपस में लड़ाना है।



**सीएम सोरेन से मिले**

एयरपोर्ट से अखिलेश यादव सड़क मार्ग से सीधे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पैतृक गांव नेमरा पहुंचे। वहां उन्होंने दिवंगत नेता की प्रतिमा और समाधि स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित किया और सीएम हेमंत सोरेन व उनकी पत्नी समेत अन्य परिजनों से मुलाकात की। इस मौके पर उनके साथ झारखंड के मंत्री संजय प्रसाद यादव, सपा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, वरिष्ठ नेता राम प्रसाद गोप, कांग्रेस नेता बंधु तिर्की, मनोज मिर्धा समेत कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### नेमरा गांव पहुंचकर दिवंगत शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मंगलवार को विशेष विमान से लखनऊ से रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उतरते ही उन्होंने मीडिया से बातचीत की और दिवंगत शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अखिलेश यादव ने कहा कि शिबू सोरेन जी आदिवासियों के सबसे बड़े नेता थे, जिन्होंने अपने संघर्ष और आंदोलन के बल पर लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। उन्हें विरासत में कुछ भी नहीं मिला था, लेकिन उन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए पूरी जिंदगी लड़ाई लड़ी। ऐसे नेता इतिहास में बहुत कम मिलते हैं। आदिवासियों की संस्कृति, भाषा और पहचान को बचाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपने पिता से विचारधारा और संघर्ष की विरासत मिली है और विश्वास है कि हेमंत इस विरासत को आगे बढ़ाएंगे।

## आवारा कुत्तों को खतरनाक मानना 'क्रूरता': सिद्धरमैया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

बेंगलुरू। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा है कि आवारा कुत्तों को खतरनाक मानकर उन्हें 'हटाना' शासन नहीं, बल्कि ''क्रूरता'' है। उनकी यह टिप्पणी उच्चतम न्यायालय द्वारा दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) के अधिकारियों को सभी आवारा कुत्तों को सड़कों से ''जल्द से जल्द'' स्थायी रूप से आश्रय स्थलों में स्थानांतरित करने के निर्देश देने के बाद आई है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आवारा कुत्तों के काटने से खासकर बच्चों में रेबीज होने का खतरा रहता है जो ''बेहद गंभीर'' स्थिति है।

सिद्धरमैया ने मंगलवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''आवारा कुत्तों को उपद्रवी मानकर उन्हें 'हटाना' शासन नहीं, बल्कि क्रूरता है। मानवीय समाज ऐसे समाधान खोजते हैं जो लोगों और जानवरों की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा, ''बांध्याकरण, टीकाकरण और सामुदायिक देखभाल कारगर होती है। भय से प्रेरित उपाय केवल पीड़ा बढ़ाते हैं, सुरक्षा नहीं।'' मुख्यमंत्री का यह पोस्ट कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस पोस्ट पर प्रतिक्रिया के रूप में सामने आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को हटाने का उच्चतम न्यायालय का निर्देश दशकों पुरानी मानवीय और विज्ञान-समर्थित नीति से एक कदम पीछे है।

## विपक्ष की मदद से कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया का चुनाव जीते रूडी

### » अपनी ही पार्टी के पूर्व सांसद संजीव बालियान को हराया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के सचिव पद के लिए हुए चुनाव में बीजेपी के सांसद राजीव प्रताप रूडी ने अपनी ही पार्टी के पूर्व सांसद संजीव बालियान को हराया है। दोनों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। रूडी पिछले 25 वर्षों से इस पद पर काबिज हैं और इस बार भी उन्होंने जीत का सिलसिला बरकरार रखा।

काउंटिंग में कांटे की टक्क र देखने को मिली। शुरुआती 5 राउंड में रूडी और बालियान के बीच मुकाबला बराबरी का रहा। 13वें राउंड में रूडी ने बढ़त बनाई और आखिर में जीत दर्ज की. एक ही पार्टी के दो उम्मीदवार होने से मुकाबला और भी दिलचस्प बन गया. राजीव प्रताप रूडी ने जीत के बाद के कहा कि ये सभी दलों का चुनाव है। लोकतंत्र का असली स्वरूप यहां दिखा। देशभर से लोग आए, अच्छे वातावरण में चुनाव संपन्न हुआ. चुनाव से पहले बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने दावा किया था कि परिवर्तन होगा और संजीव बालियान नए सचिव बनेंगे।



### चुनाव में दिग्गज नेताओं की मौजूदगी

12 अगस्त को हुए मतदान में राजनीतिक दिग्गजों ने हिस्सा लिया था। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी मौजूद थी। मतदान में कुल 707 वोट पड़े, जिनमें से 38 बैलेट पेपर के जरिए डाले गए।

उन्होंने कहा था कि यह क्लब सिर्फ सांसद, पूर्व सांसद और उनके परिवार के लिए है। इसमें अन्य वर्गों की कोई जगह नहीं है।



## स्वतंत्रता दिवस पर मीट बैन को लेकर नया बवाल

## ओवैसी के बाद अजित पवार ने भी फैसले पर उठाए सवाल

### » मनसे और कांग्रेस ने कहा- मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। भारत भर में कुछ नगर निगमों द्वारा 15 अगस्त को बूचड़खानों और मांस की दुकानों को बंद रखने का आदेश दिए जाने के बाद विवाद उत्पन्न हो गया है। कुछ ने जन्माष्टमी के लिए 16 अगस्त तक बंद रखने का आदेश दिया है। हैदराबाद के सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने हैदराबाद नगर निकाय के निर्देश की आलोचना करते हुए इसे निर्दयी और असंवैधानिक बताया।

एक्स पर एक पोस्ट में ओवैसी ने कहा कि मांस खाने और स्वतंत्रता दिवस मनाने के बीच क्या संबंध है? तेलंगाना के 99प्रतिशत लोग मांस खाते हैं। ये मांस प्रतिबंध लोगों के स्वतंत्रता, निजता, आजीविका, संस्कृति, पोषण और धर्म के अधिकार का उल्लंघन करते हैं। महाराष्ट्र में



छत्रपति संभाजीनगर, कल्याण-डोंबिवली, मालेगांव और नागपुर के नगर निकायों सहित अन्य जगहों पर इसी तरह के आदेशों पर तीखी राजनीतिक प्रतिक्रियाएँ हुई हैं।

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन इस कदम को लेकर बंटा हुआ दिखाई दिया। जहाँ राकांपा ने इस प्रतिबंध पर सवाल उठाए, वहीं भाजपा नेताओं ने इसका बचाव करते हुए 1988 के राज्य सरकार के एक आदेश का हवाला दिया, जिसमें नगर निगमों को स्वतंत्रता दिवस और महावीर जयंती जैसे अवसरों पर ऐसे प्रतिबंध लगाने का अधिकार दिया गया था।

### मांस की दुकानों को बंद रखने के लिए मजबूर न करें : पवार

उपमुख्यमंत्री और राकांपा नेता अजित पवार ने प्रतिबंध के पीछे के औचित्य पर सवाल उठाते हुए



कहा, अगर यह आषाढ़ी एकादशी या महावीर जयंती पर होता तो समझ में आता। लेकिन जब ऐसा कोई अवसर ही नहीं है, तो मांस की दुकानों को बंद रखने के लिए क्यों मजबूर किया जा रहा है? मनसे और कांग्रेस सहित विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि यह प्रतिबंध शाकाहार थोपने और गड्ढों व ट्रैफिक जाम जैसे नागरिक मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश है। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने इसे वास्तविक समस्याओं से ध्यान भटकाने की चाल बताया।

## नगर आयुक्तों को निलंबित किया जाए : आदित्य ठाकरे

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने ऐसे आदेश जारी करने वाले नगर आयुक्तों को निलंबित करने की मांग की। उन्होंने कहा, स्वतंत्रता दिवस पर हम जो खाते हैं वह हमारा अधिकार है, हमारी आज़ादी है... आप हमारे घरों में क्यों घुस रहे हैं?

उन्होंने आगे कहा कि उनके अपने समुदाय सहित कई हिंदू समुदायों में त्योहारों के दौरान मांसाहारी प्रसाद चढ़ाने की परंपरा रही है।

मांस की दुकानें बंद किए जाने के आदेश असदुद्दीन ओवैसी ने नाराजगी जताते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा,



दुर्भाग्य से भारत भर के कई नगर निगमों ने 15 अगस्त को बूचड़खाने और मांस की दुकानें बंद रखने का आदेश दिया है। उन्होंने सवाल किया कि मांस खाने और स्वतंत्रता दिवस मनाने के बीच क्या संबंध है?



# झारखंड व ओडिशा में बीजेपी पर निशाना

# एनकाउंटर में ढेर हुआ भाजपा नेता सूर्या हांसदा

» भाजपा नेता के एनकांउटर पर सवाल

» पटनायक ने ओडिशा में घेरा भाजपा को

» एक और लड़की के आत्मदाह पर रार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। झारखंड व ओडिशा में बढ़ती घटनाओं को लेकर भाजपा विपक्ष के निशाने पर आ गई है। जहां झारखंड में एक भाजपा नेता हथियार छीनने की कोशिश में एनकाउंटर का शिकार हो गया इस घटना के बाद भाजपा कांग्रेस, राजद, झामुमो के निशाने पर आ गई है। वहीं ओडिशा में बढ़ रही आत्महत्या की घटनाओं को लेकर बीजद ने भाजपा सरकार को जमकर धोया है। विपक्ष के हमलों के बीच भाजपा अपने को पाकसाफ बताने में जुटी है।

गोड्डा के ललमटिया के घने जंगल और ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाके में शनिवार को गोलियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। पुलिस और कुख्यात मामलों में फरार चल रहे भाजपा नेता सूर्या हांसदा के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें सूर्या ढेर हो गया। उसके शव पर कई गोली के निशान मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक, सूर्या हांसदा के खिलाफ कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज थे और वह महीनों से पुलिस की पकड़ से बाहर था। 10 अगस्त को देवघर से गिरफ्तारी के बाद उसने ललमटिया जंगल में छिपाए हथियारों की जानकारी दी। जैसे ही पुलिस टीम बरामदगी के लिए पहुंची, सूर्या ने पुलिस का हथियार छीनकर भागने की कोशिश की। पुलिस ने जवाबी फायरिंग में उसे ढेर कर दिया। मौके से एक हथियार भी बरामद किया गया। मुठभेड़ की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर उमड़ पड़े। हालात काबू में रखने के लिए पुलिस ने मौके पर कैंप कर दिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं हुआ है।



## राजनीतिक सफर और विवाद

2019 में भाजपा के टिकट पर बोरियो विधानसभा से चुनाव लड़ने वाले सूर्या हांसदा ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी का टिकट काटकर मैदान में जगह बनाई थी। इससे पहले वे तीन बार चुनाव हार चुके थे, जिनमें दो बार उन्होंने जेवीएम से किस्मत आजमाई। युवा नेता की छवि रखने वाले सूर्या की आपराधिक पृष्ठभूमि लगातार विवादों में रही।

## एक महीने के अंदर चौथी ऐसी घटना

यह घटना 12 जुलाई से अब तक तीन अन्य महिलाओं की जलकर मौत के बाद हुई है। उसी दिन बालासोर में एक 20 वर्षीय छात्रा ने अपने कॉलेज परिसर में खुद को आग लगा ली और 14 जुलाई को एम्स भुवनेश्वर में उसकी मौत हो गई। 19 जुलाई को बालांगा में एक नाबालिग लड़की को कथित तौर पर तीन बदमाशों ने आग लगा दी और 2 अगस्त को एम्स दिल्ली में उसकी मौत हो गई। तीसरी ऐसी घटना 6 अगस्त को केंद्रपाड़ा जिले में हुई, जब पट्टामुंडई (ग्रामीण) थाना क्षेत्र में एक तृतीय वर्ष की स्नातक छात्रा का जला हुआ शव उसके घर से मिला।

## ओडिशा में भाजपा बेटियों में सुरक्षा का विश्वास पैदा नहीं कर सकी : नवीन पटनायक

ओडिशा में लगातार सामने आ रहे नाबालिग लड़कियों के आत्मदाह के मामलों को लेकर विपक्ष ने हमला बोला है। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य की भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा बेटियों में सुरक्षा का विश्वास पैदा नहीं कर सकी। सरकार ऐसी व्यवस्था बनाने में फेल रही जहां बेटियां सुरक्षित, सम्मानित महसूस करें। एक महीने के अंदर इसी तरह की घटनाओं में चार लड़कियों की मौत हो चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि यह जानकर बहुत दुःख, सदमा और पीड़ा हुई कि बरगढ़ के गैसिलाट की एक और लड़की ने खुद को आग लगाकर जान दे दी। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उस बच्ची के साथ हैं और परिवार के साथ प्रार्थनाएं हैं। ईश्वर परिवार के सदस्यों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि यह बेहद दुखद है कि हमारी लड़कियां अपनी जान लेने के लिए खुद पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़क रही हैं और यह हृदयविदारक है। एक महीने के भीतर ऐसी ही परिस्थितियों में चार बच्चियों की जान जा चुकी है। हर मासूम की मौत में ओडिशा की एक बेटी का दर्द छिपा है जो इतना असहनीय हो गया कि उसे अपनी जान लेने के अलावा कोई और रास्ता नहीं सूझा। ये चार मौतें कोई छिटपुट मामले नहीं हैं। ऐसी कई लड़कियां हैं जो हर दिन अपराध का शिकार होकर सबसे दुखद तरीके से मर रही हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि एनकी हताशा सिर्फ व्यक्तिगत त्रासदी नहीं है। हर त्रासदी उनकी चीखें न सुन पाने की नाकामी को दर्शाती है। भाजपा प्रशासन व्यवस्था में विश्वास पैदा करने में नाकाम रहा है, जहां हमारी बेटियां सुरक्षित, मूल्यवान और सुनी हुई महसूस करें। भाजपा सरकार इन मामलों को रोकने के लिए कब तक इंतज़ार करेगी? भाजपा सरकार की दर्दनाक चुप्पी और निष्क्रियता ओडिशा की बेटियों को और भी असुरक्षित बना रही है।



# ध्वजारोहण को लेकर महाराष्ट्र में रार

» एकनाथ शिंदे सेना को जोर का झटका

» रायगढ़ में अदिति तटकरे तो नासिक में गिरीश महाजन फहराएंगे तिरंगा

» महागठबंधन में शीत युद्ध

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। देश के 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर राज्य में सत्ता संघर्ष देखने को मिला। सोमवार को जारी आदेश के तहत रायगढ़ जिले में अदिति तटकरे और नासिक में गिरीश महाजन ध्वजारोहण करेंगे। इसे शिंदे सेना को जोर का झटका माना जा रहा है। माना जा रहा है कि शिंदे गुट को पालकमंत्री पद के लिए चल रही जद्दोजहद में अपेक्षित सफलता नहीं मिली है। मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक में यह मामला शिंदे सेना उठा सकती है।

पालक मंत्री पद को लेकर महागठबंधन में शीत युद्ध एक बार फिर सामने आ गया है। रायगढ़ के पालक मंत्री का पद पाने के लिए संघर्ष कर रहे शिंदे गुट के मंत्री भरत गोगावले को स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण का अवसर नहीं मिला। इससे शिंदे गुट के विधायकों में गहरी नाराजगी है। सरकार ने रायगढ़ में अदिति तटकरे और नासिक में गिरीश महाजन द्वारा ध्वजारोहण का निर्णय लिया है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हाल ही में दिल्ली दौरे के जरिए राजनीतिक दबाव बनाने की कोशिश की थी, लेकिन मुख्यमंत्री के अधीन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा घोषित ध्वजारोहण सूची ने शिंदे गुट को बड़ा झटका दिया है।







## किसका नाम लिस्ट में नहीं

ध्वजारोहण कार्यक्रम में बीजेपी, शिंदे सेना और अजित पवार गुट के एक-एक कैबिनेट मंत्री को किसी भी जिले का ध्वजारोहण करने का अवसर नहीं मिला। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी सूची के अनुसार, बीजेपी के कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, अजित पवार गुट के बाबासाहेब पाटिल और शिंदे गुट के भरतशेठ गोगावले का नाम सूची में नहीं है। इसके साथ ही, महायुति में शामिल तीनों दलों के एक-एक राज्य मंत्री को भी यह अवसर नहीं मिला। इनमें बीजेपी की माधुरी मिसाल, शिंदे गुट के योगेश कदम और अजित पवार गुट के इंद्रनील नाइक शामिल हैं। इस निर्णय ने राजनीतिक गलियारों में कई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। सूची के अनुसार, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मुंबई स्थित मंत्रालय में ध्वजारोहण करेंगे, जबकि राज्यपाल पुणे में मौजूद रहेंगे। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को अपने ठाणे जिले में ध्वजारोहण करने का अवसर मिला है, जबकि अजित पवार बीड में तिरंगा फहराएंगे।

## इस जिले में ये करेंगे ध्वजारोहण

कोंकण प्रभाग- ठाणे-एकनाथ शिंदे, रायगढ़- अदिति तटकरे, मुंबई उपनगर-आशीष शेलार, रत्नागिरी- उदय सामंत, सिंधुदुर्ग-नितेश राणे, मराठवाडा विभाग, बीड-अजित पवार, जालना-पंकजा मुंडे, लातूर-शिवेंद्र सिंह भोसले, हिंगोली-नरहरि जिरवाल, छत्रपति संभाजीनगर-संजय शिरसाट, धाराशिव- प्रताप सरनाईक, परभणी-मेघना सकोरे-बोर्डीकर। विदर्भ क्षेत्र-नागपुर- चन्द्रशेखर बावनकुले, गोंदिया- छगन भुजबल, अमरावती- दादाजी भुसे,यवतमाल- संजय राठौड़,चंद्रपुर- अशोक उइके,वाशिम-दत्तात्रय भरणे,भंडारा- संजय सावकारे,बुलढाणा- मकरंद जाधव (पाटील),अकोला-आकाश फुंडकर, गढ़चिरौली- आशीष जयसवाल,वर्धा-पंकज भोयर, पश्चिमी महाराष्ट्र- प्रभाग-अहमदनगर-राधाकृष्ण विखे-पाटिल, सांगली- चंद्रकांत पाटिल, कोल्हापुर-प्रकाश आबिटकर, सतारा-शंभुराज देसाई, सोलापुर- जयकुमार गोरे, उत्तरी महाराष्ट्र प्रभाग-नासिक- गिरीश महाजन, जलगांव-गुलाबराव पाटिल, धुले-जयकुमार रावल,नंदुरबार- माणिकराव कोकाटे।

## जिद... सच की



Sanjay Sharma
editor.sanjayasharma
@Editor_Sanjay

# अनदेखी और बिकराल हो सकती है

**“ पिछले दस बारह साल से इन राज्यों में अंधाधुन विकास के चलते पहाड़ों को दोहन हो रहा है इसी कारण असंतुलन से ये हादसे हो रहें है। सियासी लीडरशीप वोट बैंक की वजह से इन गंभीर विषयों पर मौन रहता है और उसका परिणाम इतना खतरनाक निकलता है जान-माल दोनों का नुकसान होता है। खास से आम लोगों को अब चेतना होगा नहीं तो आने वाले पीढ़ी के लिए बहुत मुश्किल हो जाएगी।**

*बारिश के महीने में वैसे तो पूरे देश में तबाही का मंजर दिखाई देता है। पर सबसे ज्यादा इसका घातक असर पहाड़ी राज्यों में देखने को मिलता है। इसका प्रभाव वर्तमान में हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड जैसे उत्तर भारत के पर्वतीय राज्यों में ज्यादा देखने को मिलता है। इन राज्यों में बादल फटने, भूस्खल व चट्टान खिसकने की घटनाए आम होती हैं। ये आपदाएं इतनी खतरनाक हैं कि पूरे गांव के गांव इसमें समाहित हो गए। प्रथम दृष्टया इसका सबसे प्रमुख कारण पर्यावरण के साथ ज्यादती हैं। पिछले दस बारह साल से इन राज्यों में अंधाधुन विकास के चलते पहाड़ों को दोहन हो रहा है इसी कारण असंतुलन से ये हादसे हो रहें है। सियासी लीडरशीप वोट बैंक की वजह से इन गंभीर विषयों पर मौन रहता है और उसका परिणाम इतना खतरनाक निकलता है जान-माल दोनों का नुकसान होता है। खास से आम लोगों को अब चेतना होगा नहीं तो आने वाले पीढ़ी के लिए बहुत मुश्किल हो जाएगी। उधर विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार और डेवलपर्स पर्यावरणीय प्रभावों को नजरअंदाज कर रहे हैं। हिमाचल में 174 छोटे-बड़े हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स हैं, जो 11,209 मेगावाट बिजली पैदा करते हैं।*

*इन प्रोजेक्ट्स के लिए पहाड़ों को काटा जाता है। लोकतंत्र में चुनी हुई सरकारों से यह अपेक्षा की जाती है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए दूरदृष्टि के साथ दूरगामी विकास को सिरे चढ़ाया जाए। इसके विपरीत नेताओं को सिर्फ वोट बैंक की चिंता है। इसके लिए तात्कालिक विकास की नीतियों के फायदे के लिए लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने के साथ ही पर्यावरण के विनाशकारी प्रभावों की अनदेखी करना आम है। यही वजह है कि हिमाचल सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने तगड़ी लताड़ लगाई है। कोर्ट ने कहा कि अगर अनियंत्रित विकास और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियां नहीं रोकी गईं, तो एक दिन पूरा हिमाचल नक्शे से गायब हो सकता है। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब हिमाचल में बदलते पर्यावरण को लेकर चिंताएं बढ़ती जा रही हैं और विकास के नाम पर अंधाधुंध पेड़ काटे जा रहे हैं।ुप्रीम कोर्ट की इस कड़ी टिप्पणी के अगले ही दिन उत्तराखंड के चमोली में चमोली जिले में हेलंग के समीप निर्माणाधीन एक हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट साइट के पास पहाड़ एक बार फिर से ढहकर धड़ाम से नीचे गिर गया। इस हादसे में कंपनी के 8 मजदूर घायल हो गए। साइट पर हादसे के वक्त करीब 300 मजदूर थे। जहां पर लैंडस्लाइड हुआ वहां पर 70 के करीब मजदूर कार्य कर रहे थे। ऐसे हादसों के बावजूद हिमालयी क्षेत्र के राज्यों की सरकारों ने कोई सबक नहीं सीखा है। इन राज्यों में विकास के नाम पर बर्बादी की कहानी लिखी जा रही है। लेकिन अब चेतना होगा। कुल मिलाकर ये अनदेखी और बिकराल हो सकती है।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# घरेलू मांग की मजबूती से होगा मुकाबला

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में प्रकाशित मॉर्गन स्टैनली रिसर्च के एक विश्लेषण में कहा गया है कि अमेरिका द्वारा भारत से निर्यात पर 50 फीसदी टैरिफ लागू किए जाने से विकास दर घटकर 6 फीसदी तक सिमट सकती है। हकीकत है कि मजबूत घरेलू मांग और सेवा क्षेत्र की ताकत के दम पर भारत अमेरिकी टैरिफ के दबाव को झेल लेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू वृद्धि को सहारा देने के लिए नीतिगत समर्थन बढ़ाया जाना जरूरी होगा। वस्तुतः वित्त वर्ष 2024-25 में भारत से अमेरिका को कुल 86.5 अरब डॉलर का निर्यात हुआ, जो जीडीपी का 2.2 फीसदी है। ट्रंप टैरिफ की वजह से भारत के वस्तु निर्यात में करीब 30 अरब डॉलर की कमी आने की आशंका रहेगी। ऐसे में अमेरिका को निर्यात बाधित होने से भारत के द्वारा निर्यात और विकास दर बढ़ाने के लिए जहां घरेलू खपत बढ़ाने पर जोर देना होगा, वहीं निर्यात के नए बाजार तलाशने की रणनीति पर भी आगे बढ़ना होगा।

हाल ही में आईएमएफ ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की विकास दर 6.4 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। यह भी कहा गया है कि भारत की विकास दर वैश्विठक अर्थव्यवस्था की विकास दर से दो गुना से भी अधिक रहने का अनुमान है। इसी तरह दुनिया की प्रसिद्ध रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत में घरेलू खपत में सुधार, रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन, बेहतर मानसून, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, महंगाई में कमी, सस्ते कर्ज और अन्य सेक्टरों में सकारात्मक संकेतों के चलते इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत की विकास दर 6.4 प्रतिशत के स्तर पर होगी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योगमंत्री ने लोकसभा में कहा कि वैश्विठक संस्थाएं भारत को ग्लोबल इकोनॉमी का उज्ज्वल केंद्र मानती हैं। अमेरिका द्वारा जो टैरिफ लगाए गए हैं, उनके मद्देनजर सरकार किसान, निर्यातकों और उद्योगों के हितों की रक्षा करेगी। अर्थ विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विठक अर्थव्यवस्था की चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में तेज विकास के लिए आर्थिक, वित्तीय, श्रम और कृषि सुधारों को तेजी से लागू करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ना भी जरूरी है।

गौरतलब है कि हाल ही में प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक खुदरा महंगाई घटने से भी घरेलू बाजार में खपत को बढ़ावा मिल रहा है। सस्ते कर्ज से उद्योग-कारोबार में भारी उत्साह है। कृषि क्षेत्र में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन, मानसून की अच्छी प्रगति, पर्याप्त जलाशय स्तर और मजबूत खरीफ बुवाई का सुकूनदेह परिदृश्य दिखाई दे रहा है। निःसंदेह, भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी, सबसे बड़ा लोकतंत्र, स्टार्टअप्स, इनोवेशन और रिसर्च का इकोसिस्टम, सबसे तेजी से बढ़ता बाजार और विनिर्माण सेवा क्षेत्र की ऊंचाइयां ऐसी शक्तियां हैं, जो दुनिया के देशों को भारत के साथ व्यापार बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि भारत में खुदरा महंगाई दर जून, 2025 में घटकर 2.1 प्रतिशत पर आ गई है। जहां महंगाई में तेज गिरावट अर्थव्यवस्था के लिए लाभप्रद है, वहीं भारत में सस्ते कर्ज से भी घरेलू उपचार में खपत और आर्थिक रफ्तार बढ़ेगी। विगत 6 जून को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करते हुए रेपो रेट में 50 आधार अंकों यानी 0.50 प्रतिशत की कटौती का ऐलान किया है। इस वर्ष 2025 में फरवरी से अब तक लगातार तीसरी बार रेपो रेट में कटौती हुई है। इसके साथ ही रिजर्व बैंक ने नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी एक प्रतिशत की बड़ी कटौती करते हुए इसे तीन प्रतिशत के स्तर पर ला दिया है। रिजर्व बैंक ने रेपो रेट और सीआरआर में बड़ी कटौती करके तेज विकास की जरूरत और महंगाई के बीच बुद्धिमतापूर्ण समीकरण स्थापित किया है। यह बात महत्वपूर्ण है कि रिकॉर्ड कृषि उत्पादन और अच्छा मानसून भी अर्थव्यवस्था की गतिशीलता और घरेलू खपत बढ़ने के मद्देनजर सुकूनदेह हैं। केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा 2024-25 फसल वर्ष के लिए जारी तीसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक देश में खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन 35.39 करोड़ टन होगा। इस समय वैश्विक व्यापार और वैश्विक निर्यात में कमी आ रही है, तब भारत के द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के दम पर भारत के निर्यात और निवेश बढ़ रहे है।



निश्चित रूप से भारत के मुक्त व्यापार समझौते भारत की वैश्विक व्यापार उपस्थिति को नया रूप देते दिखाई दे रहे हैं। भारत द्वारा यूएई, ऑस्ट्रेलिया और यूके के साथ किए गए एफटीए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। भारत को यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए से मजबूत लाभ हुआ है। यूएई के साथ, पिछले चार-पांच वर्षों में सेवाओं का निर्यात लगभग दोगुना हो गया है।

# देश में जरूरी सद्भाव की सोच का सम्मान

प्रदीप पत्रिका



ऐसा कम ही होता है कि कोई खेल प्रतियोगिता जिंदगी भर याद रखने योग्य आयोजन में बदल जाए, और एक ऐसी प्रासंगिकता और संदर्भ प्रदान कर दे जो जनता का मनोरंजन करने में उत्कृष्टता पाने के मूल उद्देश्य से परे निकल जाए। जॉर्ज ऑरवेल की सारगर्भित लेकिन गहन टिप्पणी : 'बिना गोलीबारी का युद्ध' अब एक घिसी-पिटी सूक्ति बन चुकी है, जिसका उपयोग तब किया जाता है जब प्रतिस्पर्धी दो देशों के बीच तनातनी हो और जिसमें तथाकथित 'राष्ट्रीय गौरव' दांव पर लगा हो। यदि हम आपको एक ऐसे युद्धक्षेत्र में नहीं हरा सकते, जिसमें हर तरफ खून-खराबा हो, तो ऐसी लड़ाई में हराना चाहेंगे जो आपकी शारीरिक क्षमताओं को चुनौती देने के लिए डिजाइन किए गए औजारों और उस खेल के विशिष्ट कौशल प्रशिक्षण के दम पर लड़ी जाएगी।

खेल और युद्ध के बीच इस काफी जायज एवं विचारोत्तेजक समरूपता की खोज करते वक्त, हम खेल के एक अन्य बहुत बुनियादी पहलू को भूल जाते हैं। वो यह कि एक टीम के रूप में काम करने के लिए, वह जो जीत का लक्ष्य सफलतापूर्वक प्राप्त कर ले, आपको निजी कौशल के साथ-साथ टीम भावना की भी उतनी ही आवश्यकता होती है, बार-बार दोहराया जाने वाला यह शब्द वास्तव में जीत और हार के बीच अंतर बना देता है। सामंजस्य, सद्भाव, एकजुटता और एक इकाई के रूप में खेलना, ये शब्द उस कट्टर संशयवादी को गूढ़ लग सकते हैं, जो एक ऐसी दुनिया में रमा हुआ है, जिसको वह केवल अपनी, अपनी संस्कृति और धर्म के लिए ही बनी मानता है। हालांकि, वास्तविक दुनिया में, चाहे वह खेल का मैदान हो या जीवन को कोई भी क्षेत्र, हमारा वजूद इसलिए है क्योंकि हम साथ-साथ रहते हैं और एक-दूजे पर किसी पहचान विशेष का चिन्ह देखकर नहीं, बल्कि इंसान के तौर पर निर्भर हैं। एकजुटता, सामंजस्य और सद्भाव की इस भावना को क्रिकेट जैसे खेल से ज्यादा बेहतर और कोई नहीं दर्शाता, और यह हमें हालिया भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में देखने को मिली, जो खेल जगत का अस्तित्व कायम रहने तक याद रखी जाएगी।

गोलीबारी विहीन इस 'युद्ध' में, जहां ऋषभ पंत पैर में फ्रैक्चर के बावजूद बल्लेबाजी करने उतरे वहीं क्रिस वोक्स ने स्वेटर के तले अपने उतरे हुए कंधे को बांधकर, एक हाथ में बल्ला पकड़कर खेलने की हिम्मत दिखाई। कहा जाए तो, यह दोनों अपनी-अपनी टीमों के लिए मर-मिटने को तैयार थे। अत्यधिक शारीरिक दमखम की मांग करने वाली इस 25 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में, एक शख्स, मोहम्मद सिराज, अपनी अद्भुत ऊर्जा, सहनशक्ति, लचीलेपन, दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास, अद्भुत कौशल एवं अपनी खेल कला पर नियंत्रण की वजह से सबसे अलग नज़र आए। जब भी भारत को स्थिति पर काबू बनाने की जरूरत होती, वह मौजूद थे। जब भी भारत को विकेटों की जरूरत होती, वह मौजूद थे। जब भी भारत को किसी जादू की जरूरत होती, वह मौजूद थे। तेज गेंदबाजी करने के लिए ताकत चाहिए होती है। और इस गति पर गेंद को स्विंग करने के लिए कौशल।

लाइन और लेंथ पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए सालों-साल के अभ्यास की जरूरत होती है। और इन 25 दिनों में, जब आपके साथी ड्रेसिंग रूम में अपना-अपना शरीर संभालने को मजबूर थे, कुछ की हड्डियां चटखी पड़ी हों और कुछ की मांसपेशियों में खिंचाव हो, तब सिराज 'वन मैन आर्मी' की तरह खड़े रहे, अपनी पीठ और अपने विरोधियों की इच्छाशक्ति को झुकाते हुए। दो शृंखलाओं को परिभाषित करने वाली छवियों का केंद्र बिंदु बनने के लिए कुछ असाधारण और अलग होना जरूरी है - एक निराशा भरी और दूसरी उत्साहजनक खुशी से लबरेज़। लॉर्ड्स के मैदान का वह दृश्य जब आउट होने के बाद सिराज घुटनों के बल बैठे हुए, नज़रें ज़मीन पर गड़ी हुई, हाथ में बल्ला, चेहरे पर मायूसी, और पीछे विकेट पर से गिल्ली उड़ी हुई। यह हार विनाशकारी थी और सिराज का वह अक्स इसका एक प्रतीक बना। लेकिन ओवल में, वही सिराज हार की उस पटकथा को जीत के एक हर्षोल्लासपूर्ण जश्न में बदलते दिखाई दिए। इस शृंखला में उनकी 1,113वीं गेंद, बेहतरीन लेंथ और गति वाली यॉर्कर, जो गस एटकिंसन के बल्ले के नीचे से घुसती चली गई और ऑफ स्टंप चक्कर खाते हुए हवा में उछल गई और इसने भारत को शृंखला में बराबरी बनाने वाली शानदार जीत दिलाई।

एक व्यक्ति वह सिराज है जो नाना भावनाओं से युक्त, चेहरे पर गुस्सा और सुलगती आंखें जो किसी भी बल्लेबाज के शरीर में सिहरन और मन में यह डर जगा दे कि आगे पता नहीं क्या होने वाला है। और यही बंदा वह सिराज़ भी है, जिसकी मुस्कान इतनी प्यारी है जिसके लिए दुनिया के दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी जो रूट ने इस प्रशंसात्मक लहज़े में कहा- उसका गुस्सा बनावटी है। क्या सिराज को बुरा लगा या गुस्सा आया होगा जब जय शाह, जो न केवल भारतीय क्रिकेट बल्कि विश्व क्रिकेट को नियंत्रित करते हैं, उन्होंने बर्मिंघम टेस्ट के बाद भारत की जीत में योगदान के लिए भारतीय टीम और कुछ अन्य खिलाड़ियों की प्रशंसा करने वाला ट्वीट किया, लेकिन उसमें सिराज का जिक्र नदारद था? रिकॉर्ड के लिए, सिराज ने पहली पारी में 6 विकेट झटके थे। हम इसे एक मानवीय भूल मान कर रफा-दफा कर देते, अगर हम ऐसे समय में नहीं जी रहे होते जहां एक खास अल्पसंख्यक समुदाय से होने का मतलब है अंतहीन भेदभाव, ट्रोल्स की फौज और देश के प्रति उनकी 'वफ़ादारी' पर बार-बार उठते सवाल झेलना।

# जन्माष्टमी

## श्री गिरधर कृष्ण मुरारी की...



हिंदू धर्म में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार बहुत खास होता है। जन्माष्टमी का त्योहार सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में बसे भारतीय भी पूरी आस्था व उल्लास से मनाते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान कृष्ण का जन्म भाद्र मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को हुआ था इसलिए इस शुभ तिथि को भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। भगवान कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में इस त्योहार को बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। कृष्ण जन्माष्टमी के दिन सुबह स्नान व ध्यान आदि करने के बाद घर के बाल गोपाल को नई पोशाक पहनाएं, भोग लगाएं और गोपी चंदन से श्रृंगार करें।

### शुभ मुहूर्त

वैदिक पंचांग के अनुसार, साल 2025 में कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व शुक्रवार, 15 अगस्त 2025 को मनाया जाएगा। यह दिन भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को पड़ता है। जन्माष्टमी की पूजा का सबसे शुभ समय निशिता काल में होता है, जो मध्यरात्रि में भगवान कृष्ण के जन्म के समय को दर्शाता है। जन्माष्टमी की पूजा विशेष रूप से मध्यरात्रि में की जाती है, जिसे निशिता पूजा कहा जाता है। निशिता पूजा का समय- 16 अगस्त 2025 को 12:04 से 12:47 तक (कुल 43 मिनट की अवधि)। अष्टमी तिथि प्रारंभ- 15 अगस्त 2025 को 11:49 पीएम तक। अष्टमी तिथि समाप्त- 16 अगस्त 2025 को 09:34 पीएम तक। दही हांडी: 16 अगस्त 2025 (शनिवार)।

### भाग्य को मजबूत बनाने का उपाय

जन्माष्टमी के दिन बाल गोपाल को केसर-मेवा मिश्री साबूदाने या खीर का तुलसी दल डालकर भोग लगाएं लेकिन ध्यान रखें कि खीर में चीनी की जगह मिश्री की डली डालें। साथ ही सफेद मिठाई भी अर्पित करें। ऐसा करने से कान्हा की कृपा मिलती है और भाग्य भी मजबूत होता है।

### पूजन विधि व व्रत

इस व्रत में अष्टमी के उपवास से पूजन और नवमी के पारणा से व्रत की पूर्ति होती है। उपवास वाले दिन प्रातः स्नानादि से निवृत होकर सभी देवताओं को नमस्कार करके पूर्व या उत्तर को मुख करके बैठें। हाथ में जल, फल और पुष्प लेकर संकल्प करके मध्यान्ह के समय काले तिलों के जल से स्नान कर देवकी जी के लिए प्रसूति गृह बनाएं। अब इस सूतिका गृह में सुन्दर बिछौना बिछाकर उस पर शुभ कलश स्थापित करें। साथ ही देवकी जी की मूर्ति या सुन्दर चित्र की स्थापना करें। पूजन में देवकी, वासुदेव, बलदेव, नन्द, यशोदा और लक्ष्मी जी इन सबका नाम क्रमशः लेते हुए विधिवत पूजन करें। यह व्रत रात्रि बारह बजे के बाद ही खोला जाता है। इस व्रत में अनाज का उपयोग नहीं किया जाता। फलहार के रूप में कुट्टू के आटे की पकौड़ी, मावे की बर्फी और सिंघाड़े के आटे का हलवा बनाया जाता है।

### जन्माष्टमी का महत्व

इस पावन दिन भगवान श्रीकृष्ण का श्रृंगार करके झूला सजाया जाता है फिर उन्हें झूला झुलाया जाता है। स्त्री व पुरुष दोनों ही रात के बारह बजे तक व्रत रखते हैं। रात को बारह बजे शंख तथा घंटों की आवाज से श्रीकृष्ण के जन्म की सुचना चारों दिशाओं में गूंज उठती है। भगवान श्री कृष्ण जी की आरती उतारी जाती है और भोग लगा कर प्रसाद का वितरण किया जाता है।





### व्यवसाय में उन्नति के लिए उपाय

कृष्ण जन्माष्टमी के दिन सुबह-शाम 11 बार तुलसी की परिक्रमा करें और घी का दीपक जलाएं। इसके बाद 108 बार 'ओम नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप' करें। साथ ही कपूर जलाकर उस पर थोड़ी मिसरी डाल दें और कपूर और मिश्री का दान भी करें।

### जन्माष्टमी की कथा

द्वापर युग के अंत में कंस की बहन देवकी का विवाह वासुदेव के साथ हुआ लेकिन एक आकाशवाणी हुई, हे कंस! देवकी का आठवां पुत्र तेरा संहार करेगा। इस भय से उसने दोनों को कारागार में डाल दिया। वहीं भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में श्रीकृष्ण जी का जन्म हुआ। उनके जन्म लेते ही जेल की कोठरी में प्रकाश फैल गया। वासुदेव-देवकी के सामने शंख, चक्र, गदा एवं पदमधारी चतुर्भुज भगवान ने अपना रूप प्रकट कर कहा, अब में बालक का रूप धारण करता हूं। तुम मुझे तत्काल गोकुल में नन्द के यहां पहुंचा दो और उनकी अभी-अभी जन्मी कन्या को लेकर कंस को सौंप दो। वासुदेव जी ने वैसा ही किया और उस कन्या को लेकर कंस को सौंप दिया। कंस ने जब उस कन्या को मारना चाहा तो वह कंस के हाथ से छूटकर आकाश में उड़ गई और देवी का रूप धारण कर बोली कि मुझे मारने से क्या लाभ है? तेरा शत्रु तो गोकुल पहुंच चुका है। यह दृश्य देखकर कंस हतप्रभ और व्याकुल हो गया। कंस ने श्रीकृष्ण को मारने के लिए अनेक दैत्य भेजे। श्रीकृष्ण जी ने अपनी आलौकिक माया से सारे दैत्यों को मार डाला। बड़े होने पर कंस को मारकर उग्रसेन को राजगद्दी पर बैठाया।

## हंसना मना है

एक महिला पेट्रोल पंप पर पहली बार स्कूटी चला कर गई... महिला - भईया, पेट्रोल कितने रुपये लीटर है... कर्मी- मैडम 80 रुपये लीटर... महिला - ठीक से लगा लो भईया, बगल वाला तो 70 रुपये लीटर ही दे रहा है। कर्मी - (गुस्से में) अरे मैडम जी, बगल में डीजल की मशीन है...

एक महिला ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया... ऑपरेटर - आपको क्या समस्या है? महिला - मेरे पैर की ऊंगली कॉफी टेबल से टकरा गई... ऑपरेटर (हंसते हुए) - तो इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं? महिला - नहीं, एंबुलेंस तो मेरे पति के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था...

बाजार में पप्पू को एक बेहद खूबसूरत महिला दिखी... पप्पू खड़ा होकर उसे देखता ही रह गया... तभी वो उसके पास आई और बोली - भाई साहब, दिख तो मैं आंख से भी जाऊंगी, मुंह तो बंद कर लो...

चेन स्नैचिंग वाले महिला के गले से हार खींच कर ले गए...अगले दिन महिला बहुत ज्यादा दुखी हुई...हार के लिए नहीं, अखबार वालों ने छाप दिया- वृद्ध महिला के गले से हार छीन भागे चेन स्नैचर...

## कहानी: महानता के बीज

यूनान देश के एक गांव का लड़का जंगल में लकड़ियां काट के शाम को पास वाले शहर के बाजार मे बेचकर अपना गुजारा करता था। एक दिन एक विद्वान व्यक्ति बाजार से जा रहा था। उसने देखा कि उस बालक का गट्ठर बहुत ही कलात्मक रूप से बंधा हुआ है। उसने उस लड़के से पूछा- क्या यह गट्ठर तुमने बांधा है? लड़के ने जवाब दिया- जी हां, मैं दिनभर लकड़ी काटता हूं, स्वयं गट्ठर बांधता हूं और रोज शाम को गट्ठर बाजार में बेचता हूं। उस व्यक्ति ने कहा कि क्या तुम इसे खोलकर इसी प्रकार दुबारा बांध सकते हो? जी हां, यह देखिए इतना कहते हुए लड़के ने गट्ठर खोला तथा बड़े ही सुन्दर तरीके से पुनः उसे बांध दिया। यह कार्य वह बड़े ध्यान, लगन और फूर्ती के साथ कर रहा था। लड़के की एकाग्रता, लगन तथा कलात्मक रीति से काम करने का तरीका देख उस व्यक्ति ने कहा क्या तुम मेरे साथ चलोगे? मैंतुम्हें शिक्षा दिलाऊंगा और तुम्हारा सारा व्यय वहन करूंगा। बालक ने सोच-विचार कर अपनी स्वीकृति दे दी और उसके साथ चला गया। उस व्यक्ति ने बालक के रहने और उसकी शिक्षा का प्रबंध किया। वह स्वयं भी उसे पढ़ाता था। थोड़े ही समय में उस बालक ने अपनी लगन तथा कुशाग्र बुद्धि के बल पर उच्च शिक्षा आत्मसात कर ली। बड़ा होने पर यही बालक युनान के महान दार्शनिक पाइथागोरस के नाम से प्रसिद्द हुआ। वह भला आदमी जिसने बालक की भीतर पड़ी महानता के बीज को पहचान कर उसे पल्लवित किया वह था, यूनान का विख्यात तत्व ज्ञानी डेमोक्रीट्स।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष** आज भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। निवेश शुभ रहेगा।

**वृषभ** मान-सम्मान मिलेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। जल्दबाजी न करें।

**मिथुन** व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। समय का अपव्यय होगा। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश होगा। काम में मन नहीं लगेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**कर्क** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े।

**सिंह** शत्रु शांत रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में प्रतिष्ठित अतिथियों का आगमन हो सकता है। व्यय होगा।

**कन्या** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार प्राप्ति सहज ही होगी। व्यावसायिक यात्रा से लाभ होगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। निवेशादि शुभ रहेंगे।

**तुला** व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। शत्रु शांत रहेंगे। ऐश्वर्य पर खर्च होगा। मान-सम्मान मिलेगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**वृश्चिक** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। शुभ समाचार मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** आराम का समय मिलेगा। आशंका-कुशंका रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। रोजगार में वृद्धि होगी।

**मकर** यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। थकान महसूस होगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**कुम्भ** आज मान-सम्मान के योग बनेंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक शिथिलता रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा।

**मीन** कष्ट, भय व चिंता का वातावरण बन सकता है। विवेक से कार्य करें। समस्या दूर होगी। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल बनेगी। धनार्जन होगा।

बॉलीवुड | मन की बात

# मैं राम के रोल में रणबीर को देख खुश नहीं हूं: मुकेश



बॉलीवुड के सुपरस्टार रणबीर कपूर जल्द ही निर्देशक नीतेश तिवारी की मच टॉक्ड अबाउट फिल्म 'रामायण' में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले हैं। यह फिल्म दो भागों में रिलीज होगी और इसके लिए करीब 4000 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जिससे ये अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्मों में से एक बन गई है। फिल्म का जहां दर्शक इंतजार कर रहे है, वहीं दिग्गज अभिनेता मुकेश खन्ना ने रणबीर की भूमिका को लेकर गहरी चिंता जताई है। मुकेश खन्ना ने कहा कि वह रणबीर कपूर को 'राम' के रूप में देखने को लेकर आश्वस्त नहीं हैं। उन्होंने कहा कि राम कोई आम योद्धा नहीं थे, वो 'मर्यादा पुरुषोत्तम' थे। उनका चरित्र त्याग, संयम और विनम्रता की मिसाल है। मुकेश का कहना है कि रणबीर एक बेहतरीन अभिनेता हैं, लेकिन फिल्म 'एनिमल' की हिंसक और उग्र छवि अभी भी उनके पीछे बनी हुई है। ऐसे में दर्शक उन्हें भगवान राम के रूप में स्वीकार करेंगे या नहीं, यह एक बड़ा सवाल है। फिल्म रामायण का निर्देशन नीतेश तिवारी कर रहे हैं, इस प्रोजेक्ट में रणबीर कपूर के अलावा यश रावण के किरदार में, साईं पल्लवी सीता के रूप में, रवि दुबे लक्ष्मण और सनी देओल हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे। सबसे खास बात यह है कि इस फिल्म के संगीत में ऑस्कर विजेता ए.आर. रहमान और हॉलीवुड संगीतकार हंस जिमर पहली बार साथ काम कर रहे हैं। यह जोड़ी इस प्रोजेक्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान दिला सकती है। मुकेश खन्ना ने यह भी सवाल उठाया कि क्या यह फिल्म अपने कथानक और प्रस्तुतिकरण में धार्मिक संवेदनाओं का सम्मान कर पाएगी? उन्होंने यह भी कहा कि रामायण को अगर आधुनिक स्टाइल में दिखाया गया, तो उसकी मूल आत्मा खो सकती है। उन्होंने ये भी साफ किया कि उनका कोई निजी विरोध रणबीर कपूर से नहीं है, लेकिन एक आदर्श, संयमित और त्यागी चरित्र को निभाने के लिए केवल अच्छा अभिनय ही काफी नहीं होता- उस छवि को जीना होता है।

## जान्हवी और धवन आवारा कुत्तों पर एससी के फैसले से नाराज, बोले-

# यह आदेश निर्दयी और अनुचित


दिल्ली-एनसीआर की सड़कों से आवारा कुत्तों को हटाकर उन्हें शेल्टर होम्स में भेजने के सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश ने हर तरफ एक नई बहस छेड़ दी है। अदालत का ये फैसला अब देशभर में बहस का कारण बन चुका है। खास तौर पर बॉलीवुड सेलेब्रिटीज इस फैसले के विरोध में खुलकर सामने आ रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर और अभिनेता वरुण धवन ने इस आदेश को निर्दयी और अनुचित बताते हुए अपनी नाराजगी सोशल मीडिया पर जाहिर की है। जाह्नवी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में एक पिटीशन शेयर करते हुए लिखा कि सड़कों पर रहने वाले ये जानवर सिर्फ आवारा कुत्ते नहीं हैं, बल्कि ये हमारे समाज का हिस्सा हैं। जान्हवी की इस अपील में कहा गया कि यह वो ही कुत्ते हैं जो हर सुबह चाय की दुकान के बाहर बिस्किट का इंतजार करते हैं, जो दुकानों की रातभर निगरानी करते हैं, जो बच्चों के स्कूल से लौटने पर पूंछ हिलाकर उनका स्वागत करते हैं। ये इस बेरहम शहर में भी अपनापन देने वाले जीव हैं। जान्हवी की इस अपील में यह भी जिक्र किया गया कि हर समस्या का समाधान कैद नहीं होता। जानवरों को सड़कों से हटाकर शेल्टर होम्स में डालना न तो व्यावहारिक समाधान है और न ही नैतिक। इसके बजाय बड़े पैमाने पर नसबंदी, वैक्सीनेशन, सामुदायिक फीडिंग ज़ोन और गोद लेने के अभियान जैसे उपाय किए जाने चाहिए। वहीं अभिनेता वरुण धवन ने भी इस पिटीशन को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर करते हुए फैसले का विरोध किया। वरुण कई वर्षों से पालतू जानवरों के साथ रहते हैं और वह पहले भी जानवरों के अधिकारों के लिए आवाज उठा चुके हैं। इससे पहले रवीना टंडन भी इस मामले पर अपनी राय दे चुकी हैं। उन्होंने एचटी सिटी से बातचीत में कहा आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या के लिए इन बेचारे कुत्तों को दोषी ठहराना गलत है। अगर स्थानीय निकायों ने टीकाकरण और नसबंदी अभियान को ठीक से चलाया होता, तो यह नौबत नहीं आती। स्थानीय निकायों को अपने इलाके के आवारा कुत्तों की जिम्मेदारी लेनी होगी। नसबंदी आज की सबसे बड़ी जरूरत है।



# रिजेक्शन कई नए रास्ते भी खोलता है

**ईशा तलवार के बाद अब छलका टीवी एक्टर अभिनव शुक्ला का दर्द**

बॉलीवुड और टेलीविजन की दुनिया में संघर्ष और रिजेक्शन आम बात है, लेकिन कुछ अनुभव ऐसे होते हैं जो कलाकार के आत्मबल को पूरी तरह बदल देते हैं। अभिनेता और बिग बॉस 14 फेम अभिनव शुक्ला ने हाल ही में अपनी ऑडिशन से जुड़ी एक घटना शेयर की, जो न सिर्फ उनके लिए एक सीख बनी, बल्कि हजारों उभरते कलाकारों के लिए भी प्रेरणा बन सकती है। यह घटना वर्ष 2014 की है, जब अभिनव की फिल्म 'रोर' रिलीज के करीब थी। उन्होंने अपने शुभचिंतकों के कहने पर यशराज फिल्म्स की कास्टिंग डायरेक्टर से मिलने का फैसला किया। शानू शर्मा के साथ यह मुलाकात उनके करियर का मोड़ बन सकती थी, लेकिन कास्टिंग डायरेक्टर ने उन्हें यह कहकर नकार दिया कि वो अच्छे दिखते हैं, पर उनमें स्पार्क नहीं है। ये शब्द उनके आत्मविश्वास को ठेस पहुंचाने वाले थे। हालांकि, अभिनव ने हार नहीं मानी। उन्होंने इस तजुर्बे का इस्तेमाल किया और अपने अंदर सुधार की कोशिशें जारी रखीं। वर्षों बाद, किस्मत उन्हें एक अलग मोड़ पर लेकर आई, जब वह दिग्गज निर्देशक संजय लीला भंसाली से मिलने पहुंचे। यहां उन्हें बिल्कुल विपरीत प्रतिक्रिया मिली। भंसाली ने न सिर्फ उनकी प्रतिभा की सराहना की, बल्कि यह भी पूछा कि उन्होंने अब तक ज्यादा काम क्यों नहीं किया। हालांकि फिल्म इंशाअल्लाह बाद में ठंडे बस्ते में चली गई, लेकिन अभिनव के लिए ये अनुभव कम नहीं था। उन्होंने इस मुलाकात से ये सीखा कि कभी-कभी जो लोग आपकी कद्र नहीं करते, वो आपको उन लोगों तक पहुंचाने का जरिया बन जाते हैं जो आपकी प्रतिभा को सच्चे मन से समझते हैं। अभिनव ने कहा कि हर रिजेक्शन केवल एक दरवाजा बंद नहीं करता, बल्कि कई नए रास्ते भी खोलता है।



# राक्षस जैसे दांत, मोती जैसी आंखें, 3 हजार मीटर गहरे समंदर में रहता है ये जीव!



इंटरनेट पर एक ऐसे डरावने समुद्री जीव का वीडियो सामने आया है, जिसे देखकर किसी की भी रूह कांप जाए। इस जीव के दांत किसी राक्षस जैसे तीखे और नुकीले हैं, लेकिन इसकी आंखें मोतियों जैसी चमकदार हैं। वैज्ञानिकों इसे 'टेलीस्कोप फिश' नाम दिया है, क्योंकि यह अपनी मोतियों जैसी बड़ी-बड़ी आंखों से शिकार को दूर से ही पहचान लेता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, इस जीव की आंखों में बायो-लुमिनेंस की खास क्षमता होती है। यह जीव अपनी आंखों से रोशनी पैदा कर सकता है कि वह समुद्र के घने अंधेरे में भी दूर तक आसानी से देख सकता है। यह जीव 500 से 3000 मीटर की गहराई में रहता है। टेलीस्कोप फिश अपनी ट्यूब जैसी आंखों में रोशनी जमा कर सकती है, जिससे इसे शिकार खोजने में मदद मिलती है। इसका शरीर लंबा और पतला होता है, जिसका रंग सफेद और भूरा होता है। वायरल हो रहे इस वीडियो में टेलीस्कोप फिश की गुब्बारे जैसी आंखें और तेज दांत साफ तौर पर दिख रहे हैं, जो इसे बहुत डरावना बना रहे हैं। इस अनोखे समुद्री जीव का वीडियो एक्स (पहले ट्विटर) पर @gunsnrosesgirlx नामक हैंडल से शेयर किया गया है, जिसे अब तक दो करोड़ से ज्यादा बार देखा जा चुका है। इसे देखकर नेटिजन्स हैरान और सहमे हुए हैं। वैज्ञानिकों ने टेलीस्कोप फिश की खोज को बेहद रोमांचक बताया है। उनका मानना है कि इस तरह के जीवों की खोज समुद्र की गहराइयों में छिपे और भी कई रहस्य का पता चल सकता है।

अजब-गजब | बिजनेस अपनी जगह पर होता है और धर्म अपनी जगह

# भिखारी ने इस अंदाज में मांगी भीख

कई लोग भीख मांगने को भी एक कला मानते हैं। कुछ लोग तो इसे बहुत मेहनत का काम मानते हैं और यह भी दावा करते हैं कि यह किसी के बस का काम नहीं है। एक वायरल वीडियो में एक भिखारी ने लोगों को पूरी तरह से चौंका दिया है। वह पहले एक मुसलमान से अल्लाह की कव्वाली गाते हुए भीख मांगता है। भीख मिलने के बाद जैसे ही वह पास में लाल गमछा पहने हिंदू को देखता है तो वह तुरंत गाना बदल कर राम सियाराम ।। गाते हुए भीख मांगने लगता है। यह देख हिंदू और मुसलमान दोनों ही भौंचक्के रह जाते हैं। वीडियो में पहले भिखारी एक टोपी पहने मुसलमान के पास आकर बजरंगी भाईजान फिल्म का अदनान सामी की गाई एक कव्वाली गाने लगता है, भर दो झोली मेरी या मोहम्मद, लौटकर मैं ना जाउंगा खाली। तभी उसे मुसलमान शख्स कुछ पैसे दे देता है। पैसे लेकर जैसे ही वह आगे देखता है कि वहां केसरिया गमछा वाला एक बंदा बैठा है, वह गाने लगता है, राम सिया राम सिया राम जय जय राम। भिखारी के सुर बदलना हिंदू और मुसलमान दोनों को ही हैरान कर जाता है। किसी को उम्मीद नहीं थी कि भिखारी एक ही सेकेंड में इस तरह से सुर बदल लेगा। भिखारी का यह काम उन लोगों की याद दिलाता है जो धर्म और व्यवसाय को मिलने नहीं देते हैं और उन्हें अपनी अपनी जगह रखते हैं। लेकिन यहां तो हैरानी ये होती है कि भिखारी ने धर्म को व्यवसाय से अलग रखा है या एक जैसा ही रखा है। बहुत से लोग भीख मांगने का काम बहुत ही गिरा हुआ मानते हैं। किसी के लिए वह आखिरी विकल्प होता है, तो कई लोग यह भी कहते पाए जाते हैं जब कुछ करने को नहीं रहेगा तो भीख मांगनी पड़ेगी। लेकिन इस शख्स को देख कर आप इसके अपने व्यवसाय के प्रति समर्पण को देख हैरान हुए बिना नहीं रह पाएंगे। वीडियो को इंस्टाग्राम पर @lakhanghotkar®v ने शेयर किया है। इसे अब तक 5 करोड़ 92 लाख व्यूज़ मिल चुके हैं। कैप्शन में इसे कहते हैं बिजनेस लिखा है। लोगों ने इस वीडियो को हंसी के इमोजीस के साथ पसंद किया है। वहीं कई लोगों ने इस भिखारी की टैलेंट और समर्पण की तारीफ भी की है। कमेंट सेक्शन में एक यूज़र ने लिखा है, इसे कहते हैं कलाकार दूसरे यूजर ने लिखा है, एकदम से जज़्बात बदल दिए। तीसरे यूज़र ने लिखा है, ये हुई ना बात चौथे ने लिखा है, गरीब की कोई जात नही होती। एक अन्य ने लिखा है, पापी पेट कुछ भी करा सकता है वहीं कई यूज़र्स ने अपने कमेंट में, ऑलराउंडर है भाई लिखा है।



# अलीबाबा 40 चोर का कुनबा है मप्र सरकार : जीतू पटवारी

» प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- ईसी ने वोट चोरी में दिया साथ

» न्याय सत्याग्रह के आयोजन पर जुटे दिग्गज नेता

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

रीवा। कांग्रेस ने बुधवार को रीवा के ऐतिहासिक पद्मधर पार्क में न्याय सत्याग्रह का आयोजन किया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया और विधायक सेमरिया अभय मिश्रा सहित कई विधायक और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। जीतू पटवारी ने मंच से प्रदेश की भाजपा सरकार को 'अलीबाबा 40 चोर की सरकार' बताते हुए कहा कि राहुल गांधी ने वोट चोरी का मुद्दा बिल्कुल सही उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश के सभी मंत्री भ्रष्ट हैं और एक भी मंत्री ईमानदार नहीं है।

पटवारी ने कहा, अगर हमारे विधायकों या कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमों में फंसाया गया, तो हम इसी तरह आंदोलन, प्रदर्शन और धरना देंगे। इस अवसर पर कांग्रेस ने कमिश्नर रीवा को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि भाजपा की 22 साल की सरकार किसानों, मजदूरों, युवाओं और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान में पूरी तरह विफल रही है। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में जंगलराज की स्थिति है। सरकारी जमीनों और विभागों में खुली लूट और भ्रष्टाचार हो रहा है। किसान खाद के लिए परेशान हैं, आवारा पशु फसलें चौपट कर रहे हैं। जनता की आवाज उठाने वालों पर फर्जी मुकदमे दर्ज हो रहे हैं। महिलाओं के साथ अत्याचार और दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही हैं। बिजली विभाग की मनमानी से जनता त्रस्त है और सरकार कर्ज पर कर्ज लेकर जनता को बेहाल कर रही है।



### राज्य में कानून व्यवस्था दुरुस्त की जाए

इस दौरान कांग्रेस की ओर से ज्ञापन में अपनी मांगे रखी गईं। इसमें कानून व्यवस्था दुरुस्त की जाए और अपराधों पर अंकुश लगे। फर्जी मुकदमे वापस लिए जाएं। महिलाओं को सुरक्षा प्रदान की जाए। किसानों को डीएपी और यूरिया तत्काल उपलब्ध कराई जाए और नकली खाद के कारोबार पर कार्रवाई हो। किसानों को 24 घंटे बिजली दी जाए और भारी बिजली बिल से राहत मिले। अस्पतालों में मरीजों को उचित चिकित्सा और दवाइयां उपलब्ध कराई जाएं। नशे के कारोबार पर रोक लगाई जाए। लाडली बहनों को 3000 रुपये हर महीने दिए जाएं।

### इलाज कराने बाहर जा रहे लोग

जीतू पटवारी ने रीवा के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें यहां के अस्पतालों और डॉक्टरों पर भरोसा नहीं है, इसलिए वे अपना इलाज बाहर कराते हैं। ज्ञापन देने के दौरान स्थिति कुछ देर के लिए तनावपूर्ण हो गई। बैरिकेट तोड़ते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'कमिश्नर मुर्दाबाद' के नारे लगाए और कार्यालय के अंदर जाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने स्थिति संभाल ली।

# लोगों को धमका रहा निर्वाचन आयोग : भूपेंद्र सिंह हुड्डा

» वोट चोरी मुद्दे पर हरियाणा में कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



चंडीगढ़। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से उठाए गए वोटों की चोरी के मुद्दे पर हरियाणा में भी राजनीतिक माहौल गरमा गया है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा हरियाणा के नतीजों से स्पष्ट है कि जनमत के साथ धोखा हुआ। सभी ने देखा कि कैसे हरियाणा में मतदान के तीन दिन बाद तक चुनाव आयोग ने बार-बार वोटर टर्नआउट के आंकड़ों में फेरबदल किया, जबकि अंतिम आंकड़े वोटिंग वाले दिन देर शाम तक आ जाने चाहिए थे। इतना ही नहीं, पिछले 5 चुनाव के आंकड़े बताते हैं कि हरियाणा में हमेशा उसी पार्टी की सरकार बनी है, जो पोस्टल बैलेट में जीती है, लेकिन इस बार ठीक इसके उल्टा हुआ है।

पोस्टल बैलेट में कांग्रेस को 74 सीटों पर प्रचंड बहुमत मिला, मगर ईवीएम की गिनती में भाजपा जीती। राहुल गांधी ने बाकायदा सबूतों के साथ फर्जी वोटर्स का खुलासा किया है। ऐसे चुनाव आयोग की जिम्मेदारी बनती थी कि वो तथ्यों के साथ इसका जवाब देता। लेकिन ऐसा करने की बजाए आयोग शिकायतकर्ता को ही धमकाने में लगा है। राहुल गांधी का आरोप है कि हरियाणा के विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है। हालांकि राहुल गांधी के आरोप से पहले हरियाणा कांग्रेस के नेताओं ने भी ईवीएम में गड़बड़ी के आरोप लगाए थे।

### बेतुकी बयानबाजी कर झूठी लोकप्रियता हासिल करने की चाहत : भाजपा

भाजपा का कहना है कि राहुल गांधी बेतुकी बयानबाजी कर झूठी लोकप्रियता हासिल करना चाहते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने राहुल गांधी के आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा- राहुल गांधी सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने आंकड़े देते हुए कहा- लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच मात्र पांच महीने में हरियाणा में 4 लाख 16 हजार 103 मतदाता बढ़े। मई 2024 में लोकसभा चुनाव में मतदाता संख्या 1 करोड़ 99 लाख 38 हजार 247 थी, जो विधानसभा चुनाव में 2 करोड़ 3 लाख 54 हजार 350 हो गई।

# खरगे ने महासचिवों और प्रभारियों में भरा जोश

» मतदाता सूची में हेराफेरी और चुनावी धोखाधड़ी के खिलाफ आवाज उठाने के दिए निर्देश

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कथित मतदाता सूची में हेराफेरी और चुनावी धोखाधड़ी के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी अभियान पर चर्चा के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिवों, राज्य प्रभारियों और प्रमुख संगठनों के प्रमुखों की एक बैठक की अध्यक्षता की। खरगे के अलावा, बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, सचिन पायलट, केसी वेणुगोपाल, कुमारी शैलजा और अन्य वरिष्ठ पार्टी नेताओं ने भाग लिया।

एआईसीसी महासचिवों, प्रभारियों और फ्रंटल संगठनों के प्रमुखों की बैठक के बाद, कांग्रेस सांसद सप्तगिरि उलाका ने कहा कि इस बात पर चर्चा हुई कि संसद में हमारे द्वारा उठाए गए वोट चोरी के मुद्दे को हम ज़मीनी स्तर पर कैसे ले जा सकते हैं, इसे हर ज़िले और हर पंचायत तक कैसे पहुँचा सकते हैं। सभी ने सुझाव दिए और एआईसीसी द्वारा एक विस्तृत कार्यक्रम जारी किया जाएगा। हम इसके लिए अगले कदम उठाएंगे। कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि इस मामले को बहुत गंभीरता से लिया गया है। राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर किया गया खुलासा - अगला कदम जनता तक पहुंचना है।

# जनहित के मुद्दों से पीछे नहीं हटेगी कांग्रेस

» कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव बोले- भाजपा के दबाव में नहीं झुकेंगे

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने स्पष्ट किया है कि जनता और करदाताओं के पैसे को प्रभावित करने वाले मुद्दों को उठाने से कांग्रेस पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की दबाव और धमकी की राजनीति के आगे पार्टी नहीं झुकेगी। अन्याय व अनैतिकता के खिलाफ आवाज बुलंद करती रहेगी। यादव ने बताया कि उन्हें 9, शाम नाथ मार्ग स्थित सरकारी बंगले के नवीनीकरण पर 2.35 करोड़ रुपये के अत्यधिक खर्च का मुद्दा उठाने पर दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति के समन का जवाब दे दिया है।

उन्होंने जवाब में कहा कि विस के नियम 82 को इस मामले में लागू नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह न तो विधानसभा सदस्य हैं और न ही सदन सत्र में है। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस मामले में विधानसभा अध्यक्ष स्वयं शिकायतकर्ता हैं, उसकी जांच उसी के निर्देश पर गठित समिति कैसे कर सकती है। इसे उन्होंने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत और न्यायिक निर्णयों के खिलाफ बताया। यादव ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के लीगल एवं मानवाधिकार विभाग के चेयरमैन एडवोकेट सुनील कुमार की अगुवाई में कई वकील समिति अध्यक्ष से मिलना चाहता थे, लेकिन अनुमति नहीं दी गई। इसके बाद उनका जवाब अध्यक्ष कार्यालय में जमा कराया गया।



### विधानसभा सत्र को भाजपा और आप ने बर्बाद किया

देवेंद्र यादव ने विधानसभा के मौजूदा सत्र को निरर्थक करार देते हुए कहा कि भाजपा और आप ने जनता से जुड़े मुद्दों की जगह राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप में समय बर्बाद कर दिया। यह करदाताओं के पैसे और सदन के समय का दुरुपयोग है। जब राजधानी जलभराव, बढ़ते अपराध, बेरोजगारी और महंगाई जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही है तो सत्ताधारी व विपक्ष जमीनी मुद्दों पर मौन हैं। महिलाओं को 2500 रुपये मासिक देने के वादे पर अब तक कोई चर्चा नहीं हुई जबकि भाजपा की रेखा सरकार ने भी जनता से किए अपने वादों से मुंह मोड़ लिया है। आंगनबाड़ी, आशा वर्कर, अनुबंधित शिक्षक, डॉक्टर, नर्स, सफाई कर्मचारी जैसे हजारों संविदा कर्मियों को नियमित करने का वादा भाजपा ने सत्ता में आने से पहले किया था लेकिन अब वह इस पर चर्चा से बच रही है। आप रकार के कार्यकाल के दौरान सामने आईं कैग रिपोर्टों में भ्रष्टाचार के जो मामले उजागर हुए हैं उन पर भाजपा सरकार कार्रवाई से बच रही है। कथित शराब नीति घोटाला, स्कूल शिक्षा विधेयक-2025 और निर्माण श्रमिकों की संख्या में अनियमितताएं जैसे मामलों में भी गंभीर चुप्पी है।

# वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को 202 रन से रौंदा

» तीसरे वनडे में पाक 295 रन का पीछा करते हुए 92 रन पर समेटा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



त्रिनिदाद। वेस्टइंडीज ने त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए तीसरे और निर्णायक वनडे में पाकिस्तान को 202 रन से रौंद दिया। इसके साथ ही विंडीज टीम ने सीरीज भी 2-1 से अपने नाम की। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप के नाबाद शतक के दम पर 50 ओवर में छह विकेट पर 294 रन बनाए। जवाब में मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली पाकिस्तान की टीम 29.2 ओवर में 92 रन पर सिमट गई। तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला पाकिस्तान ने पांच विकेट से जीता था। इसके बाद दूसरे वनडे को वेस्टइंडीज ने डकवर्थ लुईस नियम से पांच विकेट से अपने नाम किया। इसके साथ ही वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान से मिली टी20 सीरीज में हार का बदला भी ले लिया। तीन मैचों की टी20 सीरीज पाकिस्तान ने 2-1 से अपने नाम की थी। शतकवीर होप को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, सीरीज में तीन मैचों में सबसे ज्यादा 10 विकेट लेने वाले जेडन सील्स प्लेयर ऑफ द सीरीज बने। रिजवान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही थी। वहीं, होप ने फिर जस्टिन ग्रीव्स के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 110 रन की अटूट साझेदारी कर वेस्टइंडीज को 294 के स्कोर तक पहुंचाया। होप ने वनडे करियर का 18वां शतक पूरा किया। जवाब में पाकिस्तान के शीर्ष चार फ्लॉप रहे। जिसके चलते टीम 29.2 ओवर में 92 रन पर सिमट गई।

### नेपाल ने किया बीसीसीआई के सीओई में अभ्यास

मुंबई। नेपाल की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप क्वालिफायर के लिए बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सीओई में अभ्यास किया। बीसीसीआई पड़ोसी देश को क्रिकेट टीम के रूप में अपनी साख बेहतर बनाने में मदद कर रहा है। बीसीसीआई ने बताया टीम ने सुविधाओं का पूरा उपयोग किया और आगामी चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करने के लिए कौशल, फिटनेस और खेल की विभिन्न स्थितियों पर काम किया। नेपाल की पुरुष टीम ने पिछले साल अगस्त में भी बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र में अभ्यास किया था और भारत में आयोजित घरेलू अभ्यास टूर्नामेंटों में हिस्सा लिया था। आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप क्वालिफायर इस साल अक्तूबर में खेले जाने हैं।



# विजन डॉक्युमेंट-2047 को लेकर गरमाई सियासत

## सपा ने भाजपा पर लगाया प्रचार करने का अरोप, विधानसभा में 11 बजे से शुरू हुआ 24 घंटे का सदन, शिफ्टवार लगाई गई मंत्रियों की ड्यूटी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। विधान परिषद और विधानसभा में 13 अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे से विजन डॉक्युमेंट-2047 पर चर्चा शुरू होगी। यह चर्चा 14 अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे तक लगातार चलेगी। इसका थीम है- विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश-2047। विधानसभा में चर्चा की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे जबकि विधान परिषद में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सबसे पहले अपनी बात रखेंगे। उधर इसको लेकर सियासत भी गरमा गई है।

समाजवादी पार्टी ने विधानसभा की विशेष बैठक का बॉयकॉट करने की घोषणा की है। सपा ने इस कवायद को बकवास बताया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि यूपी की बीजेपी सरकार सिर्फ़ प्रचार में जुटी है। जिनको मैनिफेस्टो तक याद नहीं वे बस तमाशा कर रहे हैं।



### आठ साल में विकास की मजबूत नींव रखी : खन्ना

वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि 1947 में देश की आजादी के बाद यूपी में सबकुछ था। मजबूत श्रम बल, जरूरी संसाधन लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति के कारण प्रदेश वैसा विकास नहीं कर सका जितनी क्षमता थी लेकिन 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी व 2017 में यूपी में योगी सरकार आने के बाद हमने विकास की मजबूत नींव रखनी शुरू की। अब प्रदेश में कानून व्यवस्था में सुधार होने से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। किसानों को उनकी फसलों का दाम मिल रहा है। प्रदेश ने बीते साढ़े आठ साल में शिक्षा और स्वास्थ्य हर क्षेत्र में प्रगति की है। अब 2047 तक विकसित प्रदेश बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है।

### भाजपा के झूठे वादों की पोल खोलेंगे : आरके वर्मा



विजन डॉक्यूमेंट पर चर्चा को लेकर सपा ने भी अपनी रणनीति तैयार की है। सपा सदस्यों का कहना है कि वे सदन में मौजूद रहकर भाजपा के झूठे वादों की पोल खोलेंगे। सपा के विधायक आरके वर्मा ने कहा कि हम भाजपा का विजन डाक्यूमेंट बहुत पहले देख चुके हैं। उन्होंने सवाल दागे कि क्या काला धन वापस आया। हर खाते में 15 लाख पहुंचे। दो करोड़ लोगों को रोजगार मिला। नोटबंदी के क्या फायदे हुए और किसानों की आय दोगुना करने के वादे का क्या हश्र हुआ। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि यह चर्चा अनावश्यक है। अपनी रणनीति हम बुधवार को 10 बजे बैठक करके तय करेंगे।

### सदन में रहने के लिए 28 मंत्रियों की लगी शिफ्ट

बुधवार से चौबीस घंटे चलने वाले सदन में मंत्रियों की मौजूदगी अनिवार्य करने के लिए शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है। बुधवार शाम 6 बजे से बृहस्पतिवार सुबह 11 बजे तक सदन में रहने के लिए 28 मंत्रियों का रोस्टर जारी किया गया है। सबसे ज्यादा 8 मंत्री तड़के तीन बजे से सुबह छह बजे के बीच रहेंगे। सदन में हर समय मंत्रियों की अनिवार्य मौजूदगी का रोस्टर बुधवार शाम 6 बजे से लागू होगा। इससे पहले सदन में 28 के अतिरिक्त अन्य मंत्री मौजूद रहेंगे। शाम 6 से बृहस्पतिवार सुबह 11 बजे तक का समय छह शिफ्ट में बांटा गया है। सिर्फ एक शिफ्ट दो घंटे की होगी। शेष शिफ्ट 3-3 घंटे की रहेंगी।

## भाजपा का '2047 विजन' एक नीति नहीं राजनीतिक किस्त योजना है : अखिलेश



यूपी विधानसभा में चर्चा के बीच सपा चीफ अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा- रिजन डाक्यूमेंट। उप्र की भाजपा सरकार को विजन नहीं रिजन डाक्यूमेंट निकालकर बताना चाहिए कि उन्होंने किस रिजन की वजह से अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया?



**विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बोले- सरकार बताए अब तक कितने वादे पूरे किए :** विधानसभा में विजन डॉक्यूमेंट-2047 पर बोलते हुए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि सरकार 2047 को लेकर चर्चा कर रही है पर सरकार को ये भी बताना चाहिए कि 2017 में सत्ता में आने के बाद अब तक कितने वादे पूरे किए गए हैं। उन्होंने कहा कि चर्चा के लिए समय भी बढ़ाया जाए।

### मौजूदा समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है सरकार : शिवपाल



समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव और कन्नौज सांसद अखिलेश ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की ओर से पेश किए गए 'विजन 2047' की कड़ी आलोचना की। शिवपाल ने बुधवार को आरोप लगाया कि राज्य सरकार भविष्य के सपनों का सौदागार बनकर मौजूदा समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, भाजपा सरकार आज विधानसभा में 2047 का काल्पनिक 'विजन' लेकर आ रही है, अरे भाई, आज की भूख का हल नहीं और कल के सपनों का सौदागर बनकर घूम रहे हैं। सपा नेता ने कहा, भाजपा का कहना है कि 2022 तक किसान की आय दोगुनी करेंगे, मगर 2025 में किसान आधे दाम पर फसल बेच रहा है और 2047 में खुशहाली का सपना दिखा रहे हैं- ये 'किसान क्रेडिट कार्ड' नहीं, 'किसान क्रेडिट झांसा' है। उन्होंने कहा, 2047 में रोजगार मिलेगा यानी भाजपा का मतलब है- आज के बेरोजगार, 22 साल बाद के बुजुर्ग बनकर नौकरी में जाएंगे। 2047 में डिजिटल अस्पताल होंगे, लेकिन 2025 में स्ट्रेचर नहीं है- मरीज को पेड़ से सलाइन टांगने वाली सरकार से हाईटेक का वादा? वाह रे अमृतकाल। यादव ने कहा, 2047 में अपराध खत्म होगा और 2025 में अपराधी 'गार्ड ऑफ ऑनर' पा रहे हैं, भाजपा का 'अमृतकाल' असल में 'अपराधकाल' है। 2047 में स्मार्ट क्लासरूम, लेकिन 2025 में बच्चे टूटी बेंच पर बैठकर पढ़ रहे हैं, ये स्मार्ट नहीं, 'स्टार्ट-स्टॉप-स्टार्ट' क्लासरूम है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने विकास का मतलब समझा है- समाजवादी कामों पर अपना नामपट्ट चिपका फोटो खिंचवा लो।

# चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर वोट की डकैती कर रहा है: तेजस्वी

» राजद नेता ने भाजपा नेत्री और परिवार में दो ईपीआईसी के सबूत दिखाए

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पटना। बिहार में मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशित होने के बाद से शुरू हुआ सियासी घमासान जारी है। बुधवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग पर फिर से बड़ा आरोप लगाा। कहा कि सुप्रीम कोर्ट में मतदाता पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) का मामला चल रहा है। मंगलवार को जिन लोगों का नाम मृत व्यक्ति की सूची में था, उनलोगों को अदालत में पेश किया गया है।

चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर वोट की डकैती कर रहा है। अंध भक्त पीएम मोदी पर चुनाव जीतकर प्रधानमंत्री बनने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज तक हमारे किसी भी खुलासे पर चुनाव आयोग ने प्रेस वार्ता नहीं की। एसआईआर में और कई खामियां हैं, इसे भी हमलोग उजागर करेंगे। भाजपा अब चुनाव आयोग को आगे कर वोट की चोरी करवाने का काम कर रही है। चुनाव आयोग ने 2020 में वोट का चोरी किया था। हमलोगों को 10 से अधिक सीटों पर चुनाव हरवाया गया। इसके बाद इस बार मतदाता पुनरीक्षण कार्य के नाम पर क्या हो रहा? यह आप देख ही रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के बारे में हमलोगों ने खुलासा किया ही है। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा के कई लोगों के पास दो-दो ईपीआईसी नंबर हैं। इसकी जांच क्यों नहीं हो रही है। इस पर एक और खुलासा हुआ है।



### निर्मला देवी बीजेपी की बड़ी नेत्री और मुजफ्फरपुर की मेयर हैं

तेजस्वी यादव ने कहा कि निर्मला देवी बीजेपी की बड़ी नेत्री और मुजफ्फरपुर की मेयर है। इनके पास एक दो ईपीआईसी नंबर 1251917 और 1835164 है। इनके एक ही विधानसभा में दो अलग अलग बूथ पर दो अलग-अलग वोट है। दो अलग-अलग ईपीआईसी कार्ड में इनकी दो अलग-अलग उम्र है। स्छ्रमें इन्होंने दो अलग अलग गणना फॉर्म भरे। मतदाता सूची पुनरीक्षण में इन्होंने दो अलग अलग फॉर्म पर दो अलग अलग साइन किए होंगे। इन दो अलग-अलग फॉर्म पर चुनाव आयोग ने साइन किए कि मेयर ने खुद साइन किए।

### एक ही घर में अनेक फर्जी वोट बनवा रहा आयोग

तेजस्वी यादव ने सवाल पूछा कि कि चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित नई ड्राफ्ट सूची में दो अलग अलग ईपीआईसी नंबर के साथ, दो अलग-अलग उम्र के साथ, एक ही विधानसभा में इनके दो अलग अलग वोट कैसे बन गए? यह चुनाव आयोग की मिलीभगत से यही नहीं रुकी- इनके दो देवर है- मनोज कुमार और दिलीप कुमार सुपुत्र अशर्फी लाल। उनके भी दो दो अलग-अलग ईपीआईसी नंबर के साथ दो दो अलग-अलग बूथ में दो दो अलग-अलग वोट बने हैं। मतलब इन्होंने भी स्छ्रमें दो दो अलग-अलग फॉर्म भरे होंगे और दो अलग-अलग साइप किए होंगे। जब चुनाव आयोग एक ही विधानसभा में खुद ऐसा कर रहा है तो फिर स्छ्रका क्या मतलब? इसका अर्थ है कि चुनाव आयोग भाजपा समर्थकों के एक ही घर में अनेक फर्जी वोट बनवा रहा है।

# जम्मू-कश्मीर के उरी में गोलीबारी में एक जवान शहीद

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

श्रीनगर। सेना ने जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बुधवार को घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम कर दिया जिसके बाद हुई मुठभेड़ में एक जवान की जान चली गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि सैनिकों ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में उरी स्थित चुरुंडा इलाके में घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। अधिकारियों ने बताया कि हालांकि, मुठभेड़ के दौरान सेना के एक जवान की जान चली गई। उन्होंने बताया कि अभियान जारी है और इस संबंध में अभी विस्तृत जानकारी नहीं मिली है। रिपोर्ट के अनुसार, 16 सिख एलआई (09 बिहार एडवांस पार्टी) के क्षेत्राधिकार वाले और उरी पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में किए गए इस हमले में एक सैनिक शहीद हो गया।

दिल्ली में दिल दहला देने वाली घटना

# स्विमिंग पूल में दो मासूम बच्चियों के साथ दरिंदगी

» विपक्ष ने पुलिस पर उठाए सवाल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली में नरेला के लामपुर स्थित एमके स्विमिंग पूल में तैराकी करने गई नौ वर्षीय दो बच्चियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना के बाद एकबार फिर राष्ट्रीय राजधानी की कानून व्यवस्था पर सवाल उठ गए हैं। विपक्ष ने इसके लिए मोदी सरकार व रेखा सरकार पर निशाना साधा है।

आप व कांग्रेस ने भाजपा सरकार से जिम्मेदारी लेने की बात कही है। उधर पीड़ित परिवार की शिकायत पर नरेला थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर स्विमिंग पूल के ठेकेदार अनिल और केयर टेकर मुनील को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर तकिये का कवर, चादर, आपत्तिजनक सामान और डीवीआर बरामद किए हैं। वहीं, पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश रही है कि आरोपियों ने कहीं अन्य लड़कियों के साथ भी इस तरह की कोई हरकत तो नहीं की है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्विमिंग पूल से करीब छह से सात किलोमीटर दूर रहने वाली दोनों नाबालिग बच्ची बस से नरेला स्थित इस स्विमिंग पूल पांच अगस्त को तैराकी करने आई थी। इससे पहले भी दोनों नाबालिग यहां एक बार आ चुकी थी।

# यूपी में भी बरसेगी आफत, भारी बारिश का अलर्ट

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। देशभर ज्यादातर हिस्से इन दिनों भीषण बारिश से जूझ रहे हैं। दिल्ली, यूपी, बिहार समेत ज्यादातर राज्यों का बारिश से बुरा हाल है। सड़कें पानी से लबालब नजर आ रही हैं, बुधवार को भी दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश देखी जा सकती है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक 12 अगस्त से 17 अगस्त तक लगातार बादल छाए रहेंगे और बीच-बीच में रिमझिम बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ती रहेंगी। उत्तराखंड में अगले तीन दिनों के लिए भी मौसम विभाग



ने भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। 13 अगस्त और 14 अगस्त को बारिश का रेड अलर्ट जारी है। वहीं यूपी में भी इन दिनों झमाझम बारिश हो रही है. मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कई इलाकों में बारिश हो रही है. मौसम विभाग ने राज्य में अगले 48 घंटों के लिए भारी बारिश का अनुमान जताया है। बुधवार के लिए 17 जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

### हिमाचल में बारिश से 229 लोगों की मौत

बात अगर हिमाचल प्रदेश की करें तो बुधवार को राज्य में बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने बारिश का अलर्ट जारी किया है. वहीं 15 अगस्त को मॉनसून के कमजोर होने की संभावना जताई जा रही है। हिमाचल में बारिश से हाल कुछ ऐसा है कि करीब 229 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 499 घर पूरी तरह से जमींदोंज हो चुके हैं। उत्तराखंड केधराली में फिलहाल मौसम साफ है।

स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक संजय शर्मा द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। महाराष्ट्र कार्यालय :- 2 जी, कृष्णा कुटीर सागरिका CHS जुहू तारा रोड जुहू- मुंबई- 400049। संपादक - संजय शर्मा, विधि सलाहकार: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, वित्तीय सलाहकार: संदीप बंसल, कार्टूनिस्ट: हसन जैदी, दूरभाष: 0522- 4078371 । Email: daily4pm@gmail.com ।
website: www.4pm.co.in । RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।